# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | वैशाख शुक्ल पक्ष 11– 2082 | भोपाल,दिन सोमवार, दिनांक 27 अप्रैल ,2026


## न्यूज गैलरी

### पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन की मांग

**भोपाल।**भोपाल में मध्य प्रदेश राज्य पुलिस सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव वृंदावन गार्डन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि और नए सदस्यों के स्वागत से हुई। 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष के.बी. शर्मा ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के लिए कैशलेस हेल्थ स्कीम, केंद्र के समान ग्रेड–पे और समस्याओं की संवेदनशील सुनवाई के लिए तंत्र बनाने की मांग रखी। मुख्य अतिथि डीजीपी कैलाश मकवाना रहे।

### भागवत कथा में आचार्य त्रिपाठी का संदेश

**भोपाल।**भोपाल के अयोध्या नगर में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान कथावाचक आचार्य डॉ. निलिम्प त्रिपाठी ने भागवत को भगवान कृष्ण का साक्षात स्वरूप बताया। उन्होंने कहा कि भागवत भक्ति का मार्ग है, जो अज्ञान का अंधकार दूर करती है। शांति बाहर नहीं, बल्कि शुद्ध चेतना, शरणागति और सत्संग में मिलती है। उन्होंने कहा कि जीवन में सत्संग आने पर ही विवेक जागृत होता है और मनुष्य सही मार्ग पर चल पाता है।

### मजदूर दिवस पर प्रदर्शन की तैयारी

**भोपाल।**भोपाल में मप्र कर्मचारी मंच के बैनर तले संविदा, आउटसोर्स, अंशकालीन कर्मचारी और वन सुरक्षा श्रमिक 1 मई को मंत्रालय के सामने सतपुड़ा भवन पर प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद कर्मचारियों को लाभ नहीं दिया जा रहा। दैनिक वेतन श्रमिकों का वेतन कम बढ़ाया गया और स्थाई कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन का लाभ नहीं मिल रहा।

### अतिशेष नीति पर शिक्षक संघ नाराज

**भोपाल।**भोपाल में राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने अतिशेष नीति और विषयवार पद संरचना को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग पर गंभीर आपत्ति जताई है। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने सचिव को ज्ञापन भेजकर कहा कि शिक्षण सत्र 2024–25 से नियमों में बार–बार बदलाव से अतिशेष कार्रवाई बढ़ रही है। इससे शिक्षकों में अस्थिरता, मानसिक तनाव और स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। संघ ने प्रायोगिक विषयों के लिए 160 छात्र संख्या नियम और "हमारे शिक्षक" एप में आपत्ति विकल्प जोड़ने की मांग की।

### 21 बेटियां बंधेंगी विवाह बंधन में, 581 युवा तलाशेंगे हमसफर

**भोपाल।**सहस्त्रबाहु कलचुरि महासभा द्वारा 28 अप्रैल को लिंक रोड नंबर–3 स्थित कलचुरि भवन में स्थापना दिवस और युवक–युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में 581 प्रतिभागी जीवनसाथी की तलाश में मंच से अपना परिचय देंगे। इस अवसर पर 21 बेटियां विवाह बंधन में भी बंधेगी।

महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एस एस मालवीय ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में दिलीप सूर्यवंशी, जय नारायण चौकसे, महापौर मालती राय सहित समाज के कई दिग्गज शामिल होंगे।

---

**अप्रैल की तपन** | **भोपाल में 3 साल बाद पारा 43 डिग्री पर, आज एक दर्जन जिलों में हीटवेव का अलर्ट**

# खजुराहो 45 डिग्री पर... 15 जिले 44 डिग्री पर झुलस उठे

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

राजधानी सहित प्रदेश भर में रविवार को गर्मी के तेवर और तीखे रहे। भोपाल में अप्रैल वर्ष 2022 के बाद सबसे अधिक पारा 43 डिग्री रहा। रात का पारा 25.2 डिग्री दर्ज हुआ। यहां 30 अप्रैल 2022 को 43.3 डिग्री रहा है। 15 जिलों से अधिक जिलों में तापमान 44 डिग्री और इससे अधिक रहा। खजुराहो सबसे गर्म रहा। यहां पारा 45 डिग्री दर्ज हुआ है। इंदौर की रात सबसे गर्म रही। यहां न्यूनतम पारा 28.6 डिग्री रहा। एक दर्जन जिलों में रात का पारा 26 से 28 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। प्रदेश में बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए अब भोपाल जिला प्रशासन से स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया है। इस बीच रविवार से कुछ जिलों में मौसम की करवट शुरू हो गई है। भोपाल में दोपहर बाद कुछ इलाकों में बादल छाने के साथ कहीं कहीं छींटे भी पड़े। इससे गर्मी में कमी नहीं आई, रात का पारा और बढ़ने की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन ज्यादा

**मध्यप्रदेश के ऊपर मध्य हिस्से में डेढ़ किमी की ऊंचाई पर भी साइक्लोनिक सकुर्लेशन है, जिससे प्रदेश में मौसम बदल रहा है**

**भोपाल के सभी स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक 30 अप्रैल तक अवकाश**



**आज से कुछ जिलों में बारिश के साथ पारा गिरेगा**

**इंदौर की रात सबसे गर्म रही। यहां न्यूनतम पारा 28.6 डिग्री रहा**

**भोपाल में छाए बादल, दोपहर बाद कुछ हिस्सों में छींटे पड़े**



### इसलिए बदल रहा मौसम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। पूर्वी बिहार पर बना सकुलेशन अब झारखंड के ऊपर सक्रिय है। कर्नाटक से तमिलनाडु के ऊपर एक ट्रफ बनी हुई है। महाराष्ट्र और आसपास भी एक साइक्लोनिक सकुलेशन है। मध्य प्रदेश के ऊपर मध्य हिस्से में डेढ़ किमी की ऊंचाई पर भी साइक्लोनिक सकुलेंशन है, जिससे प्रदेश में मौसम बदल रहा है। इससे रविवार रात से बुधवार तक कई जिलों में बारिश, तेज हवाओं और बौछारों का असर रहेगा। इससे पारा 2 से 4 डिग्री तक गिर सकता है।

### आज लू से रहें सावधान

सबसे गर्म रहे खजुराहो का पारा 45 डिग्री के अलावा दतिया, गुना, नर्मदापुरम, रायसेन, रतलाम, श्योपुर, दमोह, जबलपुर, मंडला, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, टीकमगढ़, मलाजखंड जिलों में पारा 44 डिग्री या इससे अधिक रहा है। यहां भीषण गर्मी महसूस की गई।

सोमवार को भोपाल सहित विदिशा, रायसेन, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सतना, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में कुछ जगह लू का अलर्ट जारी किया

---

# एमपीपीएससी केंद्र के बाहर पांच बाइकों पर चढ़ा दी कार

**पहले सेशन का पेपर खत्म की घटना**



**डीआर संवाददाता ▸▸ रायसेन**

रायसेन में एमपीपीएससी परीक्षा केंद्र के बाहर एक कार अनियंत्रित होकर पांच मोटरसाइकिलों से टकरा गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र के बाहर कार चालक ने एक्सीलेटर दबाया से इसके बाद कार बेकाबू हो गई। जानकारी के अनुसार पेड़ के नीचे अभ्यर्थियों के परिजन बैठे हुए थे। पास में ही बाइक भी पार्क थीं। बेकाबू कार ने पांच मोटरसाइकिलों को टक्कर मारते हुए 2 परिजनों को भी चपेट में ले लिया। घटना एमपीपीएससी के पहले सेशन की परीक्षा समाप्त होने से कुछ देर

### कार जब्त, चालक हिरासत में

घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार भरत सिंह, थाना कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस को भी सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक और वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। यह तो गनीमत रही कि कार के नीचे बाइक आने से कार रुक गई थी। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

## 1 जनवरी 2021 से 30 जून 2025 तक एक्सीडिंट में 543 लोगों की हो चुकी मौत

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

प्रदेशभर में दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के साथ ही परिवहन विभाग से उनके ड्राइविंग लाइसेंस भी सस्पेंड कराए जाएंगे। आमजन को जागरूक करने के लिए स्कूल–कालेज के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी उपयोग किया जा रहा है।

*10 मई तक अभियान–हेलमेट नहीं पहना तो चालान के साथ–साथ लाइसेंस भी होगा सस्पेंड*

हेलमेट पहनने की अनिवार्यता को प्रभावी बनाने के लिए 26 अप्रैल से 10 मई तक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का मकसद सड़क हादसों में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों को कम करना है। विशेषकर युवाओं और महिला चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करना है। बता दें कि 1 जनवरी 2021 से 30 जून 2025 तक रोड एक्सीडेंट में 543 लोगों की मौत हो चुकी है।

सड़क हादसों में होने वाली मौतों में 60 से 70 प्रतिशत चालक होते हैं। हेलमेट नहीं होने के कारण हादसे के दौरान सिर में गंभीर चोट मौत का कारण बनती है। मुख्यालय के निर्देश पर सभी पुलिस और स्थानीय थानों की टीम सभी जिलों में ट्रैफिक संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही है। अभियान के तहत बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों पर चाल चालानी कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर आम लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस अभियान में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। पुलिस द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और वाट्सएप ग्रुप्स के जरिए हेलमेट पहनने के फायदे और सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। वीडियो क्लिप, इन्फोग्राफिक्स और रियल केस स्टडी के जरिए लोगों को समझाया जा रहा है कि एक छोटी सी लापरवाही किस तरह जानलेवा साबित हो सकती है। जिलों में ट्रैफिक प्वाइंट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष चेकिंग की जा रही है।

## घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में गंजालेश्वर आश्रम से पांच गोवंशीय पशुओं को चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधने का मामला सामने आया है। शनिवार रात हुई इस घटना में ट्रेन की चपेट में आने से सभी मवेशियों की मौत हो गई। रविवार सुबह छिदगांव मेल क्षेत्र में ट्रैक के पास शव मिले, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।



जानकारी के अनुसार, अज्ञात आरोपियों ने आश्रम से मवेशियों को चुराया और उन्हें रस्सी से रेलवे ट्रैक पर बांध दिया। इसके बाद ट्रेन गुजरने से सभी पशु उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। सूत्रों के अनुसार, आश्रम के कर्मचारियों का दो दिन पहले किसी से विवाद हुआ था, जिसे घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने प्रशासन को तीन दिन का समय देते हुए कार्रवाई की मांग रखी। एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

---

## महिलाओं के साथ कांग्रेस की पिछली 5 पीढ़ियों ने बड़ा अन्याय किया: मुख्यमंत्री

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

सोमवार को होने वाले मप्र विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस की पिछली पांच पीढ़ियों ने महिलाओं से बड़ा अन्याय किया।

उन्होंने महिला अधिकारों की जान–बूझकर अनदेखी की। अब हम महिलाओं का उनका हर वाजिब हक दिलाकर रहेंगे। मुख्यमंत्री ने



कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन पर केन्द्र सरकार का प्रस्ताव विपक्षी दलों के असहयोग के कारण पारित नहीं हो पाया। देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी दल को प्रदेश की जनता और किसानों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में लोग बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते थे, जबकि भाजपा सरकार ने सड़क, बिजली और सिंचाई के क्षेत्र में रिकॉर्ड काम किया है।

## जंबूरी मैदान में शौर्य दिवस: बसों के लिए रंग आधारित रूट–पार्किंग, कल ट्रैफिक

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

भोपाल जंबूरी मैदान में मंगलवार, 28 अप्रैल को होने वाले अखिल भारतीय लोधी महासभा के शौर्य – दिवस कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक – पुलिस ने रूट और पार्किंग प्लान – जारी किया है। अलग–अलग – जिलों से आने वाली बसों के लिए कलर–कोडेड व्यवस्था लागू की गई है, ताकि शहर में जाम की स्थिति न बने और कार्यक्रम स्थल तक यातायात सुचारु रहे।




**रंग के हिसाब से तय होंगे रूट और पार्किंग स्थल**

**पीला स्टीकर:** नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी की बसें होशंगाबाद रोड से सेंट जेवियर स्कूल के पीछे पार्क होंगी।

**हरा स्टीकर:** रायसेन, सागर, दमोह, छतरपुर की बसें बिलखिरिया–खजूरी मार्ग से मंच के दाईं ओर लगेंगी।

**केसरिया स्टीकर:** ग्वालियर–चंबल की बसें अयोध्या बायपास, मिनाल–जेके रोड से खजूरी साइड पार्किंग पहुंचेंगी।

**नीला स्टीकर:** इंदौर, उज्जैन, सीहोर की बसें अंदरूनी मार्गों से सेंट जेवियर स्कूल के पीछे पार्क होंगी।

*कार्यक्रम के चलते जंबूरी मैदान और आसपास के मार्गों– नर्मदापुरम रोड, अयोध्या बायपास, करोंद, पिपलानी और लिंक रोड–1 पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ सकता है।*

---

**लोकार्पण** | **विधानसभा का नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर एक दिवसीय विशेष सत्र आज**

## 33 फीसदी आरक्षण लागू करने के लिए अधिनियम पर प्रस्तुत होगा संकल्प

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

मप्र विधानसभा का विशेष सत्र आज सोमवार को सुबह 11 बजे से आहूत किया गया है। सत्र में सबसे पहले निधन का उल्लेख होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सर्वांगीण विकास व सशक्तिकरण के लिए एक तिहाई आरक्षण परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर तत्काल प्रभाव से लागू करने का संकल्प प्रस्तुत करेंगे। इस तरह का संकल्प देश के कई राज्यों के विधानसभाओं में प्रस्तुत किया गया है। इस मुद्दे पर विपक्षी कांग्रेस की ओर से लोकसभा में शुरू किए गए गतिरोध पर एक



निंदा प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। कांग्रेस व सहयोगी दलों के

### पैदल मार्च निकालकर कांग्रेसियों ने कहा

महिलाओं लिए 543 लोकसभा सीटों में ही 33 फीसदी आरक्षण करें लागू

रविवार को भोपाल में प्रदेश कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर प्लेटिनम प्लाजा से रोशपुरा तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आरक्षण लागू करने में जानबूझकर देरी कर रही है, जबकि उनकी मांग है कि मौजूदा 543 लोकसभा सीटों में ही तत्काल 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाए। पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस सोमवार के विधानसभा सत्र में पटल पर यह मांग रखने वाली है कि महिलाओं को विधानसभा में आज की स्थिति में आरक्षण प्रदान किया जाए। हम इसका समर्थन करेंगे। पैदल मार्च में शामिल नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा आज नारी सशक्तिकरण की बात करती है, लेकिन भाजपा अपनी ही पार्टी की सशक्त महिलाओं को किनारे लगा रही है। वसुंधरा राजे राजस्थान की राजनीति से गायब कर दी गई।

### व्यापक जनसमर्थन जुटाने की यह कोशिश

विधानसभा का विशेष सत्र ऐसे समय बुलाया गया है, जब लोकसभा में परिसीमन के बाद महिला आरक्षण से जुड़ा विधेयक पारित नहीं हो सका, जिसके बाद प्रदेश में सियासी माहौल गरमा गया है। भाजपा सरकार इसे महिलाओं के अधिकारों का मुद्दा बताते हुए व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है। है। विशेष रोष सत्र सत्र के के दौरान महिला आरक्षण, परिसीमन की प्रक्रिया, और राज्य व केंद्र सरकार की महिला हितैषी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है। विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने भी इसके लिए अच्छी खासी तैयारी कर रखी है। वह

## मौजदा वित्तीय वर्ष में मप्र सरकार लेगी दूसरी बार 5600 करोड़ कर्ज

**डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल**

मप्र सरकार मौजूदा वित्त वर्ष (2026–27) के पहले महीने में ही दूसरी बार कर्ज लेने जा रही है। 28 और 29 अप्रैल को राज्य सरकार 5600 करोड़ रुपए का कर्ज बाजार से उठाने जा रही है। दावा किया जा रहा है कि यह कर्ज प्रदेश में विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने के लिए लिया जा रहा है।

इसके लिए राज्य सरकार चार अलग–अलग प्रतिभूतियां (सिक्योरिटी) बेचेगी। 3200 करोड़ रुपए का कर्ज 8 वर्ष के लिए और 2400 करोड़ का कर्ज अगले 22 साल के लिए लिया जाएगा। अप्रैल में यह दूसरा मौका है जब राज्य सरकार बाजार से कर्ज ले रही है। इससे पहले 13 और 16 अप्रैल को राज्य सरकार ने 3 हजार करोड़ का कर्ज लिया था। इस लिहाज से नए वित्त वर्ष में राज्य सरकार एक माह के भीतर ही 8600 करोड़ की कर्जदार होने जा रही है।

यह स्थिति तब है जब प्रदेश सरकार पर 31 मार्च 2026 की स्थिति तक कुल 4 लाख करोड़ से अधिक ( 414611.56 लाख करोड़) का कर्ज हो चुका है। राज्य के बजट अनुमानों के मुताबिक सरकार अपनी कुल आय का 16: हिस्सा (8: ब्याज व 8: मूलधन) केवल पुराने कर्जों को चुकाने और उनके ब्याज पर खर्च कर रही है

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख शुक्ल पक्ष 11– 2082 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 27 अप्रैल 2026


## न्यूज गैलरी

### स्वास्थ्य परीक्षण एवं मलेरिया जागरूकता शिविर आयोजित संस्थान में प्रवेश

**सीहोर।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सीहोर के मंडी स्थित संजीवनी क्लिनिक पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं मलेरिया जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मरीजों को मलेरिया के उन्मूलन प्रति जागरूक किया और मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।।

### जिला जेल में विशेष जेल लोक अदालत आयोजित संस्थान में प्रवेश

**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान लंबित राजीनामा योग्य एवं प्ली बारगेनिंग योग्य 5 मामलों को रेफर किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने ष्दक्षता से स्वावलंबनष योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त 29 बंदियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए। बंदियों को अगरबत्ती, साबुन, सर्फ, फिनाइल और दीया निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।

### गेहूं खरीदी का लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन किया गया संस्थान में प्रवेश

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए खरीदी का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। उपार्जन केंद्रों की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन की गई है। स्लॉट बुकिंग की तारीख 9 मई तक बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को किसानों के लिए छाया, पानी, तौल कांटे, हम्माल और भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### अजा–जजा छात्रों को होटल प्रबंधन संस्थान में प्रवेश

**सीहोर।** भारत सरकार के होटल प्रबंधन, खान–पान तकनीकी एवं पोषण आहार स्वायत्त संस्थान के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को पढ़ाई के लिए प्रवेश दिया जाएगा। संस्थान में होटल आतिथ्य सत्कार पर आधारित 3 साल का डिग्री कोर्स कराया जाता है। 1 साल 6 महीने का डिप्लोमा कोर्स भी है। प्रवेश के लिए छात्र का 12वीं पास होना जरूरी है। 0

### कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में आईपीसीए भोपाल विजेता स्थान में प्रवेश

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर आयोजित स्व. राजमल मेवाड़ा स्मृति कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आईपीसीए भोपाल ने अलअहमद सीनियर क्रिकेट वारियर्स को 9 विकेट से हरा दिया। आईपीसीए की ओर से समीर कुरैशी ने 68 रन और जेपी यादव ने 33 रन की शानदार पारी खेली।

### 7 केंद्रों पर हुई डच्चैब परीक्षा संस्थान में प्रवेश

**सीहोर।** जिले के 07 परीक्षा केंद्रों पर मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में 1555 परीक्षार्थी उपस्थित और 439 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 1542 उपस्थित और 452 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई

---

**मरीजों में नाराजगी** इमरजेंसी में भी पहले काटी जा रही पार्किंग रसीद, जिम्मेदार चुप

# 10 रुपए में सरकारी इलाज दो पहिया वाहन की पार्किंग का शुल्क 20 रुपए

*कई बार 5 से 10 मिनट तक रसीद के चक्कर में मरीज गेट पर ही परेशान होता रहता है।*

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला अस्पताल में इलाज तो 10 रुपए के पर्चे पर मिल जाता है, लेकिन अस्पताल परिसर में दोपहिया वाहन खड़ा करने के लिए मरीजों के परिजनों से 20 रुपए वसूले जा रहे हैं। सरकारी अस्पताल में इलाज से महंगी पार्किंग होने पर मरीज और उनके परिजन नाराज हैं।

इलाज सस्ता, पार्किंग महंगी

जिला अस्पताल में 10 रुपए के पर्चे पर डॉक्टर का परामर्श और दवाइयां मुफ्त मिलती हैं। मगर हकीकत यह है कि अस्पताल गेट पर ही पार्किंग कर्मी 20 रुपए की रसीद काटने के बाद ही वाहन को अंदर जाने देते हैं। यानी मरीज के इलाज से पहले परिजन को पार्किंग शुल्क चुकाना पड़ रहा है।




#### इमरजेंसी में भी नहीं मिली रियायत

मरीजों का आरोप है कि गंभीर हालत में पहुंचने पर भी पार्किंग कर्मी रसीद काटे बिना अंदर नहीं जाने देते। कई बार 5 से 10 मिनट तक रसीद के चक्कर में मरीज गेट पर ही परेशान होता रहता है। संवेदनशीलता की कमी से परिजनों में आक्रोश है।

मंडी निवासी राजेश राय रात 9 बजे अपने परिजन को आंखों की समस्या के कारण जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। राजेश ने बताया, ष्जैसे ही गाड़ी खड़ी की, पार्किंग कर्मी ने रोक दिया। मैंने कहा मरीज को अंदर छोड़कर आता हूं, फिर पैसे दे दूंगा, लेकिन कर्मी ने साफ कहा– पहले 20 रुपए निकालो, फिर अंदर जाओ।ष



#### जिम्मेदारों की चुप्पी पर प्रश्न

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में हो रही इस वसूली की जानकारी जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को है। कई बार शिकायतें भी की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदारों की चुप्पी इस अवैध वसूली को मौन स्वीकृति दे रही है। अस्पताल परिसर में हो रही इस वसूली से जिला अस्पताल की छवि धूमिल हो रही है।

#### सरकारी दावों पर उठे सवाल

एक ओर सरकार स्वस्थ्य सेवाओं को मुफ्त और गुलाम बनाने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर 10 रुपए के पर्व के मुकाबले 20 रुपए की पार्किंग पर्ने सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। आम आदमी पूछ रहा है कि जब इलाज मुफ्त है तो अस्पताल में घुसते ही 20 रुपए का शुल्क किस बात का लिया जा रहा है।

ने प्रशासन से मांग की है कि इमरजेंसी और ओपीडी के मरीजों के लिए पार्किंग निःशुल्क की जाए और अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए।

सिविल सर्जन डॉ. यूके श्रीवास्तव ने बताया कि यदि इस तरह से अधिक पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है तो जांच के बाद ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।

---

# शादी की खरीदारी कर लौट रहे युवक की कंटेनर से भिड़ंत, मौके पर मौत

डीआर संवाददाता»सीहोर

बुदनी जनपद के ग्राम खितवाई में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों वाले घर में मातम पसरा दिया। नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से शादी की खरीदारी कर लौट रहे एक बाइक सवार युवक की सामने से आ रहे कंटेनर से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क निर्माण के कारण उड़ रही अत्यधिक धूल की वजह से दृश्यता शून्य थी, जिसके चलते यह भीषण हादसा हुआ।

#### निर्माण कंपनी की लापरवाही पर फूटा गुस्सा

मृतक की पहचान ग्राम सेमरी खोजरा निवासी पुष्पेंद्र चौहान उर्फ श्बबलूश् के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पुष्पेंद्र अपनी बाइक से घर लौट रहा था, तभी खितवाई के पास पोकलेन मशीन से लदे एक विशाल कंटेनर से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुष्पेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना से आक्रोशित



परिजनों और ग्रामीणों ने निर्माण कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए सड़क पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है किरूसड़क निर्माण के दौरान कंपनी सुरक्षा मानकों को ताक पर रख रही है।नियमों के बावजूद सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है।उड़ती धूल के गुबार के कारण वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते।

#### प्रशासनिक आश्वासन के बाद खुला जाम

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत के कारण कंपनी पर कार्रवाई नहीं होती, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

---

## पान की दुकान पर खूनी संघर्ष, नशेड़ी युवक ने कटर से 6 लोगों पर किया जानलेवा हमला

डीआर संवाददाता»रेहटी

नगर के बस स्टैंड स्थित एक पान–बेकरी की दुकान पर शुक्रवार की रात उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब एक युवक ने नशे की हालत में कटर से आधा दर्जन लोगों को लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**विवाद के बाद कटर से किया हमला**

जानकारी के अनुसार, दिनांक 24ध्04ध्26 की रात राकेश चौहान की दुकान पर आरोपी प्रतीक पालीवाल ने शराब के नशे में फरियादी अनिल चौहान



और उसके साथियों के साथ विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने जान से मारने की नियत से धारदार नुकीले कटर से हमला कर दिया। इस हमले में अनिल चौहान सहित राकेश, राजेश, अंकित, धर्मेंद्र और वीरेंद्र राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गए।

#### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

फरियादी अनिल चौहान की रिपोर्ट पर रेहटी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। शनिवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

**घायलों की स्थिति** प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज हेतु भोपाल रेफर किया गया है। अनिल चौहान का उपचार बुदनी के मधुबन अस्पताल में जारी है।

सराहनीय भूमिकारू इस त्वरित कार्रवाई में एसआई सुशील पांडे, एएसआई भवानी सिकरवार सहित प्रधान आरक्षक दीपक, फूलसिंह और आरक्षक योगेश व अभिषेक का विशेष योगदान रहा।

---

## कर्बला पुल पर महिला ने युवक की बीच सड़क की धुनाई,

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला मुख्यालय के कर्बला पुल पर बीते शाम उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब एक महिला ने एक युवक की सरेराह जमकर पिटाई कर दी। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि महिला आवेश में आकर युवक पर थप्पड़ और लातों की बरसात कर रही है, जबकि युवक बचाव की मुद्रा में नजर आ रहा है।

सरेआम हो रही इस मारपीट के कारण व्यस्त कर्बला पुल पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और



वाहनों की कतारें लग गईं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने काफी मशक्कत के बाद महिला को शांत कराया और बीच–बचाव किया। हैरानी की बात यह रही कि जहां कुछ लोग मामले को सुलझाने की कोशिश कर रहे थे, वहीं कई लोग इस हंगामे का वीडियो बनाने में व्यस्त दिखे।

फिलहाल मारपीट की असली वजह सामने नहीं आ पाई है और न ही किसी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर का कहना है कि वायरल वीडियो की जानकारी संज्ञान में आई है, लेकिन अब तक कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है और शिकायत मिलने पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---

## सीहोर जिला जेल में विशेष जेल लोक अदालत आयोजित

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर स्थित जिला जेल में बंदियों के लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक एवं प्ली बारगेनिंग योग्य मामलों के निराकरण के लिए विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस जेल लोक अदालत में कुल 05 मामले रेफर किये गये।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा बैंक ऑफ इंडिया लीड बैंक एवं स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से बंदियों में दक्षता निर्माण हेतु



प्रारंभ की गई पहल ष्दक्षता से स्वावलंबनष के अंतर्गत अगरबत्ती, साबुन, सर्फ, फिनाइल, दीया आदि सामग्री निर्माण का 12 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 29 बंदियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये। उन्होंने बंदियों से कहा कि वे जेल से बाहर निकलने के बाद स्वावलंबी बनें और अपना भविष्य उज्जवल करें। सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने कहा कि बंदियो को इस अवसर का लाभ उठाते हुये अपनी कला को निखारना चाहिए ताकि बाजार में उन्हें उनकी सामग्री के अच्छे दाम प्राप्त हो और उनका जीवन यापन जेल के बाहर भी सरलता से हो सके।

---

# इछावर में सड़क किनारे मिला युवक का खून से लथपथ शवय धारदार हथियार से हत्या की आशंका

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के इछावर क्षेत्र अंतर्गत मोलगा–रामनगर मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ सड़क किनारे ग्राम सतपीपलीया निवासी 28 वर्षीय युवक अंकुश परमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। युवक के शरीर पर धारदार हथियार के गहरे निशान पाए गए हैं, जिससे क्षेत्र में हत्या की आशंका जताई जा रही है।

**खेत की मेड़ पर मिला शव**

घटना की जानकारी तब लगी जब सुबह करीब 9रू30 बजे



राहगीरों ने हेमराज के खेत की मेड़ के पास खून से सना शव देखा। सूचना मिलते ही मृतक के भाई देवेंद्र परमार और पुलिस बल मौके पर पहुँचे। शरीर पर मिले चोट के निशानों से साफ है कि हमला किसी पैने हथियार से बेरहमी से किया गया है। इछावर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया है।

**कॉल डिटेल और रंजिश की जांच**

एसपी दीपक शुक्ला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भोपाल से एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) टीम को जांच के लिए बुलाया है।

**पुलिस के अनुसार** मृतक की कॉल डिटेल्स (ब्क्त) खंगाली जा रही हैं ताकि अंतिम समय में वह किसके संपर्क में था, इसका पता चल सके।

गांव के पुराने विवादों और आपसी रंजिश के कोण पर भी पूछताछ जारी है।

पुलिस ने देहाती मर्ग दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इछावर क्षेत्र में इस घटना के बाद से ही सनसनी और तनाव का माहौल है।

---

**धार्मिक** महाकुंभ कलश यात्रा में आए संतों की विदाई, श्री लक्ष्मी नारायण

# संत समागम के अंतिम दिवस महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास

डीआर संवाददाता»सीहोर

इंटरनेट के कारण अश्लील सामग्रियों की बाढ़ सी आ गई है। जिससे हमारी मानसिकता दूषित हो रही है और कुछ षडयंत्रकारी लोग यही चाह रहे है कि हमारी मानसिकता दूषित हो और हम और हमारी संस्कृति पिछड जाए। लेकिन कथाओं और सत्संग के कारण ही हमारी सनातनी संस्कृति आज तक जीवित है इसलिए जहां भी कथा हो श्रवण अवश्य करना चाहिए, जहां पर भी धार्मिक कार्य हो वहां पर अपना योगदान देना चाहिए। नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार डालने



और भारत की गौरवशाली परंपरा से वाकिफ करवाने के लिए शिक्षा पद्धति में कुछ बदलाव की आवश्यकता है। उक्त विचार शहर के प्राचीन सिद्ध पीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आयोजित संत समागम के अंतिम दिवस श्री–श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज ने कहे। शहर के कोलीपुरा में आर्यावत षट्दर्शन साधु मंडल भारत के तत्वाधान में दो दिवसीय संत समागम का आयोजन किया गया था।

रविवार को अंतिम दिवस यहां पर आए संत समागम और महाकुंभ कलश यात्रा में शामिल साधु–संतों का महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज, संत माधव दास महाराज, मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय, यात्रा प्रभारी सन्नी सरदार, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास, बजरंग दल के अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, सह प्रभारी रजत मुंदडा आदि ने यहां पर आए नागा साधुओं और संतों का सम्मान कर विदाई दी। वहीं सुबह यहां पर पंचाग पूजन, मंडल प्रवेश, देवता आह्वान और अग्नि स्थापना का आयोजन यज्ञशाला में किया गया। वहीं भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दूसरे दिवस सुबह आठ बजे प्रथम सत्र में नित्य पूजन, अभिषेक, अर्चन और हवन का आयोजन किया जाएगा।

सनातन धर्म में सत्य का सबसे ज्यादा महत्व

संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सनातन धर्म में सत्य का सबसे ज्यादा महत्व है। सत्य का अर्थ केवल सही बोलना नहीं, बल्कि सत्य के मार्ग पर अडिग रहना है। सत्य ही सनातन धर्म का मूल है। प्रभु श्रीराम के पूर्वज राजा हरिशचंद्र ने सत्य की रक्षार्थ अपना सबकुछ त्याग दिया था। उसी प्रकार से प्रभु श्रीराम ने भी सत्य पर कायम रहकर सबकुछ त्याग दिया।

---

## कृषि मंत्री ने कई कामों का शिलान्यास किया

डीआर संवाददाता»डोबी

ग्राम डोबी के शासकीय स्कूल ग्राउंड में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव पहुंचे। दोनों ने सामुदायिक भवन डोबी समेत आसपास की पंचायतों के कई कार्यों का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में चौहान ने कहा कि लाडली बहना योजना बनाई। राष्ट्रीय राजमार्ग, खेतो–खेत सड़क योजना, कन्या विवाह योजना जैसी योजनाएं बनाई। उन्होंने कहा कि एक समय था जब शाहगंज जाना होता था। घोड़े पर बैठकर जाना पड़ता था। खच्चर पर जाना पड़ता था। अब स्थिति बदल गई है। पहले स्टेट हाईवे था। अब राष्ट्रीय राजमार्ग हो गया है।कृषि से जुड़े मुद्दों पर उन्होंने कहा कि रायसेन में



रोड मैप बनाया है। कृषि को लाभ का धंधा कैसे बनाया जाए, इस पर काम किया जा रहा है। गेहूं तुलाई की समस्या पर उन्होंने कहा कि एक–एक किसान का गेहूं तुलवाया जाएगा। किसी किसान को कोई परेशानी नहीं आएगी। इस मौके पर महेश उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवी, जनपद सदस्य थान सिंह चौहान, सरपंच कल्याण सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष पवन चौहान, मैनेजर कैलाश नारायण तिवारी, सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक राजकुमार मीणा, प्रबंधक राजकुमार चौहान, वीर सिंह चौहान मौजूद रहे।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख शुक्ल पक्ष 11- 2082 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 27 अप्रैल 2026


## न्यूज गैलरी

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनेक गतिविधियां आयोजित

**सीहोर।** सीहोर के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी शक्ति वंदन विषय पर विशेष व्याख्यान, विचार–विमर्श, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता प्रस्तावना का सामूहिक वाचन सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। अप्रैल को इन गतिविधियों के समापन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीओ सुश्री पूजा शर्मा ने छात्राओं को स्वाभिमान, आत्मसम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अनुचित घटना होने पर बिना संकोच तुरंत पुलिस को सूचना दें, जिससे समय पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न हुआ दाना पानी कार्यक्रम

**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर में दाना–पानी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों को भोजन एवं पानी उपलब्ध कराकर उनके प्रति संवेदनशीलता प्रकट करना है। संस्था प्राचार्य सुनीता जैन के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमअधिकारी देवेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में सफल हुआ। नेशनल कैंपर मानसी प्रजापति स्टेट कैंपर प्रीति परमार दर्शना दोहरे जतिन कांचवानी एवं साधी स्वयंसेवकों की सहभागिता रही कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय परिवार के विद्वान शिक्षक संतोष सोनी, डॉक्टर राजेंद्र देशमुख, स्वतंत्र पाठक एवं रामवृक्ष भारद्वाज का विशेष सहयोग रहा

### खेड़ापति हनुमान मंदिर का निर्माण पूरा

**सीहोर।** समीपस्थ ग्राम सारस में शनिवार को खेड़ापति हनुमान मंदिर का नवीन निर्माण कार्य पूरा हुआ। ग्रामवासियों ने भव्य भंडारा कराया। मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना हुई। हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। चोला चढ़ाया गया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। दर्शन किए। प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. शिव वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने पूजा–अर्चना में भाग लिया। ग्रामवासियों के साथ प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के धार्मिक अनुष्ठान के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि दी। भंडारे में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। आयोजन में मनोज मेवाड़ा, मंडल उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल, बालाराम बारेला, शेरसिंह राणा, बबलू विश्वकर्मा सहित कई नागरिक और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने मंदिर निर्माण पूरा होने पर खुशी जताई। इसे क्षेत्र की आस्था का केंद्र बताया। कार्यक्रम में मौजूद

### त्रिस्तरीय जांच के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश मिला

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिले के 7 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में हुई। नोडल अधिकारी और डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा के मुताबिक जिले में कुल 1994 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 1555 परीक्षार्थीउपस्थित और 439 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 1542 परीक्षार्थी उपस्थित और 452 अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक हुई। दूसरी पाली दोपहर 2.15 से शाम 4.15 बजे तक चली।

---

**अतिक्रमण** पुराने दशहरा मैदान स्थित सब्जी मंडी से निकलना मुश्किल, सिर्फ रुपए की पर्ची काटकर कर रहे इतिश्री

# सारी सीमाएं पारय मुनादी के 24 घटे बाद भी नहीं हटा शासकीय जमीन और नालों से अतिक्रमण



डीआर संवाददाता»आष्टा
शासकीय भूमि और नालों पर किया गया अतिक्रमण स्वेच्छा से हटा लें। नहीं हटाया तो बलपूर्वक हटाया जाएगा। जुर्माना भी वसूला जाएगा। कार्रवाई में होने वाली टूट–फूट की जिम्मेदारी भी अतिक्रमणकर्ता की रहेगी। नगर में इस तरह की मुनादी हुए 24 घंटे से ज्यादा हो गए। इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों पर चेतावनी का असर नहीं दिख रहा।
नगर में अतिक्रमण की स्थिति अब सारी सीमाएं पार कर चुकी है। सबसे बड़ी परेशानी सब्जी मंडी रोड पर है। यहां सुबह निकलना भी मुश्किल रहता है। कुछ दिनों से अतिक्रमणकारियों के हौसले बढ़े हैं। जहां जगह मिली, वहां हाथ ठेले से लेकर पक्के निर्माण तक कर लिए। अब शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अनुबंध के आधार पर मनमाने रेट में बेचने की बात भी सामने आ रही है। नगर में शायद ही कोई शासकीय भूमि बची हो, जिस पर कब्जा न हो। कहीं अस्थाई अतिक्रमण है। कहीं कच्चा–पक्का निर्माण है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर कुछ रुपए की रसीद काटकर इतिश्री होने की बात भी कही जा रही है।
रोड गली में बदली, गंदगी तक फैल चुकी, आना–जाना तक मुश्किल
कनौद रोड, पुराना बसस्टैंड, अलीपुर चौराहा, भोपाल–इंदौर नाका, शुजालपूर रोड के साथ नालियों पर भी 90 प्रतिशत तक कब्जा बताया जा रहा है। लोगों की सुविधा के लिए सेठी पेट्रोल पम्प से जैन धर्मशाला तक आवागमन मार्ग बनाया गया था। अब इस मार्ग पर भी पूरा अतिक्रमण हो गया। रोड गली में बदल गई। यहां गंदगी भी फैली है। कई दिनों से साफ–सफाई नहीं हुई। अतिक्रमण भी बना रहा। लोगों ने इस रास्ते से आना–जाना बंद कर दिया। अन्य नालों के हालात भी ऐसे ही बताए जा रहे हैं।
वाहन चालकों से अभद्र व्यवहार करते हैं दुकानदार
पुराना दशहरा मैदान स्थित सब्जी मंडी मैं रोज सब्जियों का क्रय–विक्रय होता है। यहां लोग बड़े–बड़े फट्टे लगाकर रोड पर दुकानदारी कर रहे हैं। सुबह 6 बजे से 10 बजे तक रोड पर ही सब्जियों का कारोबार आम हो गया है। राहगीर परेशान हैं। कोई वाहन निकल जाए तो दुकानदार सामान नहीं हटाते। वाहन को निकलने भी नहीं देते। विवाद भी बढ़ रहे हैं। दुकानदार वाहन चालकों से अभद्र व्यवहार करते हैं।
नुकसान होने पर 10–20 रुपए के नुकसान पर 2–2 हजार रुपए मांगे जा रहे हैं। इससे विवाद की स्थिति बनती है। पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं। नगर में मुनादी कराई जा रही है। स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें। आदेश मिलने पर बलपूर्वक हटाया जाएगा।
बारिश से पहले नालों की साफ–सफाई और अन्य स्थानों की सफाई कराना है। यह बात नपा के अतिक्रमण प्रभारी कैलाश घेघट ने कही।

---

# कैदी भाईयों को स्वरोजगार से जोड़ने का दिया प्रशिक्षण



डीआर संवाददाता»सीहोर
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर स्थित जिला जेल में बंदियों के लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक एवं प्नी बारगेनिंग योग्य मामलों के निराकरण के लिए विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस जेल लोक अदालत में कुल 5 मामले रेफर किये गये।
इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा बैंक ऑफ इंडिया लीड बैंक एवं स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से बंदियों में दक्षता निर्माण हेतु प्रारंभकी गई पहल दक्षता से स्वावलंबन के अंतर्गत अगरबत्ती, साबुन, सर्फ, फिनाइल, दीया आदि सामग्री निर्माण का 12 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 29 बंदियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। उन्होंने बंदियों से कहा कि वे जेल से बाहर निकलने के बाद स्वावलंबी बनें और अपना
भविष्य उज्जवल करें। सचिव स्वप्नश्री सिंह ने कहा कि बंदियों को इस अवसर का लाभ उठाते हुये अपनी कला को निखारना चाहिए ताकि बाजार में उन्हें उनकी सामग्री के अच्छे दाम प्राप्त हो और उनका जीवन यापन जेल के बाहर भी सरलता से हो सके। इसी उद्देश्य से दक्षता से स्वावलंबन प्रशिक्षण की पहल प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर न्यायाधीशों बंदियों द्वारा बनाई गई सामग्रियां भी खरीदें। इस अवसर पर जेल लोक अदालत खण्डपीठ प्रभारी अधिकारी विनीता गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जेलर अक्षय सिंहोतके एवं लोक अदालत खंडपीठ के सदस्य राजेंद्र कुशवाह एवं सुमन सिकरवार तथा स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि सहित बंदी गण उपस्थित रहे।

---

## जनगणना 2027रू प्रगणक, पर्यवेक्षकों को 4 मास्टर ट्रेनरों ने मार्गदर्शन



डीआर संवाददाता»जावर
तहसील में जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन चरणों में प्रशिक्षण 25 अप्रैल को पूरा हुआ। प्रशिक्षण 15 अप्रैल से शासकीय महाविद्यालय में शुरू हुआ। तहसीलदार और चार्ज अधिकारी जनगणना ओमप्रकाश चोरमा ने बताया कि पहला बैच 15 से 17 अप्रैल तक चला। दूसरा बैच 19 से 21 अप्रैल तक चला। तीसरा बैच 23 से 25 अप्रैल तक चला। हर बैच में तीन दिन का प्रशिक्षण दिया गया। कुल 201 प्रगणक और 33 पर्यवेक्षक शामिल रहे। 4 मास्टर ट्रेनरों ने मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना 2027 के पहले चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना एचएलओ के लिए अधिकारियों को तकनीकी और
व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना रहा। डिजिटल डेटा संग्रह पर फोकस रहा। स्व–गणना पर फोकस रहा। सटीक जानकारी संकलन पर फोकस रहा। प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को डिजिटल जनगणना एप का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। प इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया समझाई गई। लॉगिन की प्रक्रिया समझाई गई। डेटा प्रविष्टि की प्रक्रिया समझाई गई। डेटा सत्यापन की प्रक्रिया समझाई गई।
नागरिकों की ओर से स्व–गणना पोर्टल पर दी गई जानकारी के सत्यापन की विधि भी बताई गई। प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण से जुड़े 33 महत्वपूर्ण प्रश्न भरने की विस्तृत जानकारी दी गई।

---

## फाइनल मैच में आईपीसीए ने अलअहमद को नौ विकेट से हराया




डीआर संवाददाता»सीहोर
शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में आईपीसीए भोपाल ने अलअहमद सीनियर क्रिकेट वारियर्स को नौ विकेट से हराया। आईपीसीए की ओर से समीर कुरैशी ने 24 गेंद पर 68 रन की पारी खेली। वहीं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जेपी यादव ने 33 रन बनाए।
प्रतियोगिता के समापन के पश्चात जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, अनिल पालीवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक रायसिंह कमल डबरी, राजकुमार गुप्ता, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, विपिन सास्ता, विजेन्द्र परमार, मुकेश मेवाड़ा, राजेश मांझी, जिला भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष समीर मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा, गौरव मेवाड़ा, आशीष मेवाड़ा, अनुज मेवाड़ा, सुरेन्द्र रल्हन, वरुण शर्मा, नागेन्द्र व्यास, आशीष शर्मा, नवीनत तोमर, आयोजनकर्ता चेतन मेवाड़ा आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया।
पहले बल्लेबाजी करने उतरी अलअहमद सीनियर ने 18.4 ओवर में दस विकेट खोकर 115 रन का स्कोर बनाया था। इसमें शाबिर मोहम्मद ने 38 गेंद पर 65 रन, हिमांशु तिवारी 14 रन, आमिर खान 16 रन बनाए थे। वहीं देवेन्द्र सिंह, सन्नी भटनागर, विनोद पाल ने तीन–तीन विकेट और एक विकेट पियुष राज सक्सेना ने हासिल किया।
एक विकेट खोकर हासिल किया लक्ष्य
डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईपीसीए की शुरूआत शानदार रही इसमें क्रीज पर उतरे सलामी बल्लेबाज समीर कुरैशी ने 68 रन, जेपी यादव ने 33 रन की विस्फोटक शुरूआत दी। वहीं मात्र छह गेंद पर अब्दुल अकिल ने 16 रन बनाए। अलअहमद सीनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए एक मात्र विकेट दीपेश पाल ने हासिल किया।

---

### युवक ने फांसी लगाई, मौत कारण जानने में जुटी पुलिस

**बिलकिसगंज।** शनिवार को बिलकिसगंज बिलकिसगंज में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने आत्महत्या कर ली। अर्जुन मालवीय फ्रीगंज बिलकिसगंज ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
पुलिस के अनुसार करीब 4 बजे सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। प्रारंभमें जांच में सामने आया कि अर्जुन ने घर के अंदर ही फांसी लगाई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मालूम हो पाएगा कि युवक ने आत्महत्या क्यों की या यह एक

---

## स्लॉट बुकिंग के लिए संभागवार समय सारणी निर्धारित




डीआर संवाददाता»सीहोर
सीहोर। मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन पोर्टल पर अधिक ट्रैफिक (सर्वर लोड) को देखते हुए किसानों की सुविधा के लिए संभाग–वार स्लॉट बुकिंग का समय निर्धारित किया गया है, ताकि पोर्टल पर दबाव कम हो और किसान आसानी से स्लॉट बुक कर सकें। किसानों को यह सुझाव दिया गया है कि वे अपने संभाग के लिए निर्धारित समय पर ही स्लॉट बुकिंग के लिए प्रयास करें और स्लॉट बुकिंग करते समय इंटरनेट कनेक्शन स्थिर रखें, ताकि बुकिंग प्रक्रिया बीच में न रूके।
संभागों के लिए निर्धारित समय सारणी अनुसार दोपहर 03रू00 बजे से सागर संभाग, शाम 05रू00 बजे से रीवा संभाग, शाम 07रू00 बजे से ग्वालियर, चम्बल, शहडोल एवं जबलपुर संभाग के लिए समय निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग तथा इंदौर एवं उज्जैन संभाग के किसानों के लिए पोर्टल पर अलग से विकल्प दिया गया है। वे सीधे उस लिंक ऑप्शन का उपयोग कर स्लॉट बुक कर सकते हैं।

---

## शिकायतों पर परिषद हरकत में, वार्ड का निरीक्षण सफाई नहीं



डीआर संवाददाता»सीहोर
नगर परिषद क्षेत्र में लगातार सफाई की शिकायतें मिलने के बाद परिषद हरकत में आई। शुक्रवार को उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना ने वार्ड का औचक निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मकवाना ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी और सफाई दरोगा को मौके पर बुलाया। उन्हें वास्तविक स्थिति दिखाई।
निरीक्षण में कई जगह गंदगी मिली। नालियों की हालत खराब मिली। मकवाना ने नाराजगी जताई। कहा, सफाई में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। वार्ड के सभी क्षेत्रों में नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। मौके पर स्थानीय रहवासियों ने समस्याएं बताई। लोगों ने कहा, कई दिनों से सफाई नहीं हो रही। परेशानी बढ़ रही है। इस पर सीएमओ ने जल्द सुधार का भरोसा दिलाया।
निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रिषभ जैन और युवा व्यापारी पंकज खंडेलवाल भी मौजूद रहे। दोनों ने सफाई व्यवस्था बेहतर करने के सुझाव दिए। मकवाना ने कहा, आगे भी शिकायतें मिलीं तो संबंधित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई

---

**विवाद** सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन और मंदिर समिति से पार्किंग क्षेत्र में हो रही मनमानी रोकने की मांग की गई

# सलकनपुर देवी धामय पार्किंग में दुकानदारों की खींचतान, जबरन प्रसाद लेने का दबाव



डीआर संवाददाता»सलकनपुर
देश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में शामिल विजयासन देवीधाम सलकनपुर में इन दिनों पार्किंग को लेकर अव्यवस्था का मुद्दा गरमा गया है। सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन और मंदिर समिति से पार्किंग क्षेत्र में हो रही मनमानी रोकने की मांग की गई है। मैसेज के मुताबिक मंदिर की पार्किंग में 10 से 20 दुकानदार अनैतिक तरीके से पहुंच जाते हैं। ये दर्शनार्थियों को अपनी ओर खींचते हैं। आरोप है कि ये व्यापारी पार्किंग में ही श्रद्धालुओं को घेर लेते हैं। अपनी दुकान से प्रसाद लेने का दबाव बनाते हैं।
शिकायत में कहा गया है कि कुछ रसूखदार व्यापारियों की इस मनमानी से पार्किंग से दूर की दुकानों तक ग्राहक पहुंच नहीं पाते। कई छोटे दुकानदारों के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई दुकानदारों के लिए दुकान का किराया निकालना भी मुश्किल हो रहा है। वे प्रसाद नहीं लेते तो हटानी पड़ती हैं गाड़ियां हैरानी की बात यह है कि पुलिस विभाग और वन विभाग कई बार समझाइश दे चुके हैं। मना भी कर चुके हैं। इसके बाद भी दुकानदार बाज नहीं आ रहे। श्रद्धालुओं का कहना है कि अगर किसी खास दुकान से प्रसाद लेने से मना करते हैं तो उन्हें गाड़ियां हटाने तक की धमकी दी जाती है। पहले भी व्यापारी संघ ने दर्शनार्थियों और दुकान पर बैठकर प्रसाद बेचने वाले दुकानदारों के हितों को लेकर वन विभाग और रहती थाने में शिकायत की थी। मामला आज भी वैसा ही है।
सलकनपुर धामः पर्किंग में खड़ी गाड़ियां।
वायरल मैसेज में ये मांगः देवीधाम में हर दिन 500 से 1000 गाड़ियां आती हैं। श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिए पार्किंग में दुकानदारों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। मंदिर समिति कम से कम दो कर्मचारियों को पार्किंग में तैनात करे। ये कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि कोई व्यापारी भक्तों को परेशान न करे। नियम तोड़ने वाले दुकानदारों पर प्रशासनिक कार्रवाई की मांग भी की गई है।
वन विभाग का कोई हस्तक्षेप नहीं मंदिर पर पार्किंग व्यवस्था के लिए श्रद्धालुओं के हितों का ध्यान रखते हुए पार्किंग की जगह में वन विभाग द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है। आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है। आश्रय उपाध्याय, वन परिक्षेत्र अधिकारी रेहटी1 से 30 नं. के दुकानदार लगवाते हैं गाड़ियां

---

## डॉ. रूपाली सोनी मिला कथक नृत्य गुरु रत्न अवार्ड



डीआर संवाददाता»सीहोर
कथक नृत्य की प्रतिभा शिल्पकार डॉ. रुपाली सोनी, डायरेक्टर सरस्वती कथक डांस कला केन्द्र सीहोर को हेदराबाद में आयोजित इन्साईड मीडिया सक्सेस कार्यक्रम में नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु लोबल लीडरशिप अवार्ड–2026 में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री जयाप्रदा के हाथों से कथक नृत्य गुरु रत्न अवार्ड की उपाधि से सम्मानित किया गया, जो सीहोर के लिए गर्व की बात है। डॉ. रुपाली सोनी सीहोर की निवासी हैं और उन्होंने कथक नृत्य में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने शाखीय नृत्य, फोक नृत्य, नृत्य नाटिका एकल एवं सामूहिक नृत्य में प्रादेशिक, राष्ट्रीय स्तर तक ख्याति प्राप्त की है। डॉ. रुपाली को इससे पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नगर गौर सम्मान तथा 150 से अधिक बार प्रादेशिक, राष्ट्रीय मंचों पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा कथक कलाकार, कथक गुरु, प्रतिभा शिल्पकार, नृत्य साधना, कथक निर्णायक आदि

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ वैशाख शुक्ल पक्ष-11,2082 विदिशा, दिन सोमवार,दिनांक 27अप्रैल,2026


## न्यूज गैलरी

### कीटनाशक खाद-बीज संघ की हड़ताल आज

**विदिशा।** कृषि आदान विक्रेता संघ अपने व्यापार क्षेत्र में आ रही समस्याओं को लेकर संपूर्ण भारत में एक दिवसीय सांकेतिक बंद का आह्वान किया है। अध्यक्ष राजीव पीतलिया ने बताया भारत में एक दिवसीय बंद रखा गया है। जिला 27 अप्रैल को कृषि आदान व्यवसाय पूर्णतः बंद रहेगा।

### समस्याओं पर शिवसेना यूबीटी करेगी उग्र आंदोलन

**विदिशा।** शिवसेना यूबीटी की बैठक रविवार को शेरपुरा स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक में शहर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई तथा संगठनात्मक विस्तार के तहत नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में शहर की समस्याओं पर उग्र आंदोलन की रणनीति बनाने का निर्णय लिया गया।

### स्व-गणना अभियान तेज करने के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि राजस्व न्यायालय परिसर में प्रतिदिन आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अनिवार्य रूप से सेल्फ एन्यूमरेशन (स्व-गणना) के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे जनगणना कार्य में तेजी आएगी और आंकड़े अधिक सटीक होंगे।

### खाद-बीज संघ का आज सांकेतिक बंद, रैली निकाल सौंपेंगे ज्ञापन

**विदिशा।** कृषि आदान विक्रेता संघ ने व्यापार क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं के विरोध में आज सोमवार को संपूर्ण भारत में एक दिवसीय सांकेतिक बंद का आह्वान किया है। संघ अध्यक्ष राजीव पीतलिया ने बताया कि महाराष्ट्र में अनिश्चितकालीन बंद जारी है, जबकि उसके समर्थन में विदिशा जिले के सभी कृषि आदान व्यवसायी पूर्णतः बंद रखेंगे। संघ के प्रवक्ता अरुण पाराशर के अनुसार व्यापारी सुबह 10 बजे गांधी चौक नीमताल पर काले वस्त्र धारण कर एकत्रित होंगे और 11 बजे रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे, जहां प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे।

### उदयगिरि में अपर कलेक्टर ने स्वगणना अभियान चलाया

**विदिशा।** जिले के उदयगिरि एवं रगंई क्षेत्र में जनगणना कार्य को सफल बनाने हेतु अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने जनजागरूकता भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर स्वगणना की प्रक्रिया समझाई और ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान प्रगतिशील कृषक थान सिंह यादव सहित अन्य ग्रामीणों का पंजीयन मौके पर कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के आंकड़े शासकीय योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### समापन पर निकाली महिला साइकिल रैली

**विदिशा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत जिला खेल परिसर स्टेडियम से महिला साइकिल रैली निकाली गई। सुबह 7 बजे शुरू हुई रैली में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि पखवाड़े के दौरान महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधि, व्यायाम शिक्षक, खेल संघ

---

किसान हमारे भगवान, उन्हें कोई परेशानी न हो केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

# रायसेन में गेहूं-चना उपार्जन की समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा,रायसेन



केन्द्रीय कृषि मंत्री ैपअतंर ैपदही बिवनींद ने शनिवार को रायसेन में अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा के चारों जिलों में गेहूं और चना उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर खरीदी प्रक्रिया की पारदर्शिता, समयबद्धता और किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, "किसान हमारे भगवान हैं, उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। हम खरीदी करके किसान पर कोई उपकार नहीं कर रहे, बल्कि हम किसानों के ऋणी हैं, जिन्होंने देश को गेहूं के मामले में आत्मनिर्भर बनाया है।" उन्होंने अधिकारियों को युद्धस्तर पर टीम भावना से काम कर किसानों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्लॉट बुकिंग व्यवस्था को सरल और सुचारू बनाने, पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराने और खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। शिवराज ने साफ कहा कि गेहूं उपार्जन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने खरीदी का लक्ष्य, स्लॉट बुकिंग की स्थिति, खरीदी केंद्रों की संख्या, अब तक खरीदी गई मात्रा और बारदाने की उपलब्धता की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि खरीदी केवल वास्तविक किसानों से ही हो और किसी भी अनियमितता पर कड़ी नजर रखी जाए। किसानों को यह भरोसा दिलाया जाए कि उनकी उपज हर हाल में खरीदी जाएगी।

बैठक में सर्वेयर से संबंधित शिकायतों पर भी सख्ती दिखाई गई। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यदि किसी प्रकार की प्रमाणित शिकायत मिले तो तत्काल कलेक्टर को सूचना देकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।विदिशा जिले की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि जिले में 81 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जिनमें से 45 हजार किसानों ने स्लॉट बुकिंग की है। अब तक 1.17 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है, जबकि कुल लक्ष्य 5 लाख मीट्रिक टन है। इस पर शिवराज ने जरूरत पड़ने पर खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

रायसेन जिले में पिछले वर्ष 77 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 58 हजार ने स्लॉट बुकिंग कराई और 55 हजार किसानों से गेहूं खरीदा गया था। इस वर्ष अब तक 30 हजार किसानों ने स्लॉट बुकिंग कराई है और 21 हजार किसानों से खरीदी हो चुकी है। पिछले वर्ष 5. 50 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था, जबकि इस वर्ष अब तक 1 लाख मीट्रिक टन खरीदी हो चुकी है।शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों से कहा कि यदि जरूरत हो तो तत्काल निर्णय लेकर खरीदी केंद्र बढ़ाएं और व्यवस्थाएं मजबूत करें। उन्होंने कहा, "मैं 24 घंटे उपलब्ध हूं, केवल एक फोन कॉल की दूरी पर हूं।"

### बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देश

स्लॉट बुकिंग व्यवस्था को आसान और सुचारू बनाया जाए।

खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध रहे।

किसानों को छाया, पानी, तौल कांटे और हम्माल जैसी सुविधाएं मिलें।

खरीदी केवल वास्तविक किसानों से ही की जाए।

अनियमितता मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो।

बॉक्स-2 रू विदिशा जिले की खरीदी स्थिति

81 हजार किसानों ने कराया पंजीयन।

45 हजार किसानों ने कराई स्लॉट बुकिंग।

अब तक 1. 17 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया।

जिले का कुल लक्ष्य 5 लाख मीट्रिक टन।

---

## विवाद के बाद दुल्हन पक्ष पर लोटते समय दूल्हे के दोस्तों ने किया हमला

डीआर संवाददाता ⏭ गंजबासौदा



लाल पठार क्षेत्र में शनिवार रात एक शादी समारोह उस वक्त हिंसा में बदल गया, जब वर-वधू पक्ष के बीच मामूली बात को लेकर विवाद भड़क उठा। रात करीब 2 बजे शुरू हुआ यह झगड़ा इतना बढ़ गया कि बारात स्थल रणभूमि में तब्दील हो गया। जानकारी के अनुसार, गिरिराज मंदिर क्षेत्र में भंवरलाल जोशी के बेटे शिवम जोशी का शादी समारोह चल रहा था।

खुई तहसील के ग्राम नोनागिर बरोदिया से गुड्डा जोशी अपनी बेटी महक और रिश्तेदारों के साथ चार पहिया वाहनों से बारात में शामिल होने आए थे। बताया जा रहा है कि बारात में नाचते समय किसी का पैर दूल्हे के दोस्तों को लग गया। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। दूल्हे के दोस्तों ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। की जान बचाने के लिए वह भागकर एक कमरे में घुस गया, जहां दुल्हन पक्ष की महिलाएं ठहरी हुई थीं। पीछा करते हुए कुछ युवक वहां भी पहुंच गए। महिलाओं ने बीच-बचाव कर युवक को बचाया।

### वरमाला कार्यक्रम से लौटते वक्त हमला

वरमाला कार्यक्रम के बाद जब दुल्हन पक्ष के कुछ रिश्तेदार बोलेरो वाहनों से वापस लौटने लगे, तभी दूल्हे के दोस्तों ने लाठी-डंडों और हॉकी से हमला कर दिया।अचानक हुए इस हमले से वाहन में बैठे लोग घबरा गए। वे समझ ही नहीं पाए कि उन पर हमला क्यों किया जा रहा है।

झगड़े के दौरान बोलेरो के कांच तोड़े दिए

उन्होंने चालक हमलावरों ने वाहनों के आगे-पीछे के कांच तोड़ मनोज अहिरवार के साथ नामक युवक को चाकू मारपीट की। इस झगड़े में ऋषि रघुवंशी लग गया, उसे तुरंत शासकीय जन चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद चालक मनोज अहिरवार ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दुल्हन पक्ष की महिलाओं का कहना है कि कहना है कि हमला करने वाले युवक अज्ञात हैं। वे उन्हें पहचानती नहीं हैं। इस घटना ने शादी समारोहों में बढ़ती अव्यवस्था और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

---

## सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक मेंटेनेंस, कई इलाकों में सप्लाई रहेगी प्रभावित

डीआर संवाददाता ⏭ ग्यारसपुर



सिरोंज में आज रविवार, 26 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। बिजली कंपनी द्वारा 33ध्11 केवी सिरोंज उपकेंद्र के वॉटर वॉक्स फीडर पर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा, जिसके चलते 4 घंटे तक बिजली कटौती रहेगी।

इस बिजली कटौती से शहर के कई प्रमुख इलाके प्रभावित होंगे। इनमें कृष्णा कॉलोनी, मयूर विहार, पुरुषोत्तम नगर, बासोदा रोड, इमलानी रोड, इकरा कॉलोनी, कालाबाजार, पुराना बस स्टैंड, हाथीथान, तहसील रोड और मंशा पूरन कॉलोनी शामिल हैं। इन क्षेत्रों के लोगों को सुबह के समय बिजली से जुड़े कामकाज में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

बिजली कंपनी ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य की स्थिति को देखते हुए बिजली कटौती का समय घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।

उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है, ताकि मरम्मत कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

---

## 20 चालकों के चालान काटे 6900 का का शमन शुल्क वसूला गया

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा



गंजबासौदा में यातायात पुलिस ने रविवार दोपहर विशेष जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की। इस दौरान 20 चालकों के चालान काटे गए और कुल ध्6900 का शमन शुल्क वसूला गया। वहीं, यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया।

अभियान के दौरान हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चला रहे लोगों की सराहना करते हुए उन्हें पुष्प भेंट किए गए। वहीं बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर उन्हें नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी ने बताया कि चेकिंग के दौरान नाबालिग वाहन चालक भी मिले। उनके परिजनों को मौके पर बुलाकर समझाइश दी गई और भविष्य में ऐसी लापरवाही न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

पुलिस ने इस अभियान के दौरान लोगों को शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया। इनमें राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना और हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना शामिल हैं।

अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना और दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

---

## बीमारी और शादी न होने से तनाव, युवक ने जहर खाया

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

विदिशा के शमशाबाद थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सेपरा कॉलोनी निवासी वीर सिंह बंजारा ने शनिवार को सल्फास का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां रविवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

परिजनों के मुताबिक वीर सिंह पिछले 15 वर्षों से मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था। उसका इलाज हमीदिया अस्पताल, विदिशा मेडिकल कॉलेज और गुजरात में भी कराया गया, लेकिन कोई खास सुधार नहीं हुआ। बीमारी के कारण उसकी शादी नहीं हो पा रही थी, जिससे वह मानसिक तनाव में रहता था।

परिवार ने बताया कि वह पहले भी आत्महत्या की धमकी दे चुका था। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## तेज हवाओं के साथ बारिश, गर्मी से मिली राहत

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

रविवार शाम गंजबासौदा और आसपास के इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

शाम करीब 5 बजे आसमान में काले घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ आंधी चलने लगी। लगभग 10 से 15 मिनट तक आंधी का जोर रहा, जिसके बाद हल्की रिमझिम बारिश शुरू हो गई।

गंजबासौदा विकासखंड के ग्राम बावली में तेज हवाओं के साथ 15 से 20 मिनट तक जोरदार बारिश दर्ज की गई। इससे गांव का मौसम काफी ठंडा हो गया।दोपहर के समय तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया था, जिससे भीषण गर्मी महसूस की जा रही थी। हालांकि, शाम होते-होते मौसम में आए बदलाव से ठंडक घुल गई। गंजबासौदा और बरेठ सहित कुछ अन्य गांवों में भी हल्की-फुल्की बारिश देखी गई।

---

## बायोमेट्रिक जांच, ओके होने पर एडमिट कार्ड पर पिंक होलोग्राम

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा



शहर में रविवार को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए तीन परीक्षा केंद्र-उत्कृष्ट विद्यालय, एमएलबी हायर सेकंडरी स्कूल, डंडापुरा और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय बनाए गए थे। 1670 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1321 ने परीक्षा दी। 349 अनुपस्थित रहे।

पहला पेपर सुबह 10 से 12 बजे तक जनरल स्टडीज का हुआ। दूसरा पेपर दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक आयोजित किया गया। बायोमेट्रिक पहचान के लिए परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से 90 मिनट पहले बुलाया गया था। केंद्रों पर दो चरणों में जांच की व्यवस्था की गई थी। प्रवेश द्वार पर पहले मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली गई। इसके बाद बायोमेट्रिक पहचान प्रक्रिया कराई गई। पूरी प्रक्रिया में प्रति परीक्षार्थी करीब 15 से 20 सेकंड का समय लगा। जांच सफल होने पर एडमिट कार्ड पर पिंक रंग का होलोग्राम चिपकाया गया। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 6-7 कर्मचारियों की टीम तैनात रही।

केंद्रवार ऐसी रही उपस्थिति उत्कृष्ट विद्यालय में 550 में से 437, एमएलबी स्कूल में 600 में से 472 और राजमाता कॉलेज में 520 में से 412 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के लिए तीनों केंद्रों पर अलग-अलग सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए थे। इससे संपूर्ण प्रक्रिया सुव्यवस्थित और निष्पक्ष तरीके से पूरी हो सकी।

---

**सम्मान किया**

दसवीं में 80: से अधिक अंक लाने वाले 114 विद्यार्थियों को सम्मानित

## ओलंपस हाई स्कूल ने मेधावी विद्यार्थियों को 24 लाख 18 हजार 400 रुपए की स्कॉलरशिप बांटी

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा



ओलंपस हाई स्कूल द्वारा कक्षा दसवीं में एमपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड से 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने चाले मेधावी विद्यार्थियों के समवन में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रोहित काशरावानी (आईपीएस) रहे। विशिष्ट अतिथि जॉइंट डायरेक्टर डीपीआई एचएन नेमा एवं व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभका शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों का उल्लेख किया।

मुख्य अतिथि विदिशा एसपी रोहित काशवानी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और धैर्य के साथ साथ। आगे बढ़ने का संदेश देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। संस्थापक यशपाल रघुवंशी ने बताया कि शहर के विभिन्न विद्यालयों के 114 विद्यार्थियों को कायदेकर सम्मानित किय गया।ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। अकादमिक डायरेक्टर प्रायी रघुवंशी के के अनुसार कक्षा 11वीं एवं 12वें में से अध्ययन जारी रखने 100 से अधिक विद्यार्थियों को 15 हजार से 72 हजार रुपये तक की स्कॉलरशिप प्रदान की गई, जिसकी कुल राशि 24 लाख 18 हजार 400 रुपए रही।


प्राचायां प्रियंका सिंह ने बताया कि विद्यालय की टॉपर खुशी रघुवंशी 95.8: एवं भूमि रघुवंशी 95: सहित 9 विद्यार्थियों ने 90: से अधिक और 17 विद्यार्थियों ने 80 से अधिक अंक प्राप्त किए।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं शिक्षकों का सम्मान भी किया गया।

---

## गंजबासौदा में भी गूंजेगी वेदमंत्रों की गूंज, बनेगा जगन्नाथ मंदिर और गुरुकुल

डीआर संवाददाता ⏭ गंजबासौदा



विदिशा में गुरुकुल के भूमि पूजन के बाद अब गंजबासौदा की पावन धरा पर एक अभूतपूर्व परियोजना की नींव रखी जा रही है। राधा कृष्ण पुरम कॉलोनी में बनने वाला श्री जगन्नाथ मंदिर एवं गुरुकुल न केवल आस्था का केंद्र होगा। यह आधुनिक शिक्षा और प्राचीन वैदिक पद्धति के अद्भुत संगम का साक्षी बनेगा।

समाज के हर वर्ग को अपनी जड़ों से जोड़ने के संकल्प के साथ इस परियोजना की आधारशिला शीघ्र ही रखी जाएगी। इस पुनीत कार्य में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और समाजसेवी राजेश माथुर मुख्य सूत्रधार के रूप में उभरे हैं। उन्होंने मंदिर और गुरुकुल निर्माण केलिए भूमि दान करने का संकल्प लिया है। माथुर पूर्व में भी कई सामाजिक और धार्मिक प्रकल्पों के लिए अग्रणी रहे हैं। उनके इस ऐतिहासिक योगदान की नगरवासियों द्वारा मुक्तकंठ से सराहना की जा रही है।हमारा लक्ष्य एक ऐसी युवा पीढ़ी तैयार करना है जो विज्ञान और तकनीक में निपुण हो। उनके भीतर हमारी संस्कृति और वेदों के संस्कार भी जीवंत रहें। परियोजना के मार्गदर्शक सर्व साक्षी दास महाराज ने बताया कि इस मंदिर और गुरुकुल का उद्देश्य केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है। यह समाज के सर्वांगीण विकास का केंद्र बनेगा। जहां एक ओर मंदिर से आध्यात्मिक शांति मिलेगी, वहीं गुरुकुल से निकले संस्कारित युवा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे। इस भव्य निर्माण की तैयारी शुरू हो चुकी है। यह आने वाले समय में गंजबासौदा को एक नई धार्मिक और शैक्षणिक पहचान दिलाएगा।

# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | वैशाख शुक्ल पक्ष-11,2082 | राजगढ़, दिन सोमवार ,दिनांक 27 अप्रैल 2026


## न्यूज गैलरी

### पड़ौनिया गांव में बांस के घेरे में लगी आग

ब्यावरा। पड़ौनिया गांव में कुंदा मार्केट के पास एक बांस के घेरे में आग लग गई। जैसे ही आग की लपटें उठी तो खेत मालिक ने तुरंत अपने कर्मचारियों को बुलाकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। कुंदा मार्केट के पास कमल राठौर का खेत है। यहां पर बांस का घेरा बना हुआ है। रविवार देर शाम अचानक शार्ट सर्किट के कारण बांस के घेरे ने आग पकड़ ली। आग लकड़ी में लगी थी, इसलिए तेजी से फैलने की आशंका थी। साथ ही आसपास फसल को भी खतरा था।

### पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के काटे चालान

**ब्यावरा।** मलावर सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मलावर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान बनाए। अभियान के दौरान पुलिस ने सड़क पर वाहन चालकों को रोककर हेलमेट की जांच की और बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को नियमों का पालन करने की समझाइश दी।

### मुक्तिधाम में चोरी, मोटर पंप व सरिया ले गए बदमाश

**राजगढ।** पुरा क्षेत्र स्थित नेवज मुक्तिधाम परिसर में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाश बल्व कक्ष का ताला तोड़कर पानी का मोटर पंप और सरिया चोरी कर ले गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने फिंगर प्रिंट भी जुटाए हैं।

### निकलेगा गो सम्मान दिवस पर जत्था, सौंपेंगे ज्ञापन

**तलेन।** नगरवासी सोमवार को गो सम्मान दिवस मनाते हुए गौ संरक्षण को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। आयोजकों के अनुसार सुबह 9 बजे हनुमान मंदिर इकलेरा मार्ग से एकत्रित होकर तहसील कार्यालय तक पहुंचा जाएगा। ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने व गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए सख्त कानून बना

### मृतक की पहचान बनी पहेली, अभी भी जांच जारी

**ब्यावरा।** देहात थानान्तर्गत राजगढ़ बायपास ओवर ब्रिज पर मिले शव की पहचान पुलिस के लिए भी पहेली बन चुकी है। मृतक के पास कोई दस्तावेज या मोबाइल नहीं मिला है। जिससे मामला उलझ रहा है। पुलिस ने तमाम सीसीटीवी फुटेज भी चेक की है, लेकिन उसमें भी अंतिम बार केवल मृतक चाय की एक दुकान पर खड़ा दिखाई दिया है। दरअसल शनिवार सुबह 6 बजे ओवर ब्रिज पर लहूलुहान हालत में एक शव मिला था। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही देहात पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। शव की पहचान नहीं नहीं होने होने के कारण फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने सीसीटीवी से फुटेज निकाले हैं, जिनको सोशल मीडिया के जरिए सभी जगह सर्कुलेट किया जा रहा है। जिससे मृतक की कोई पहचानता हो तो शिनाख्त हो

---

**मानव तस्करी** | इंदौर सहित 4 जिलों में फैला नेटवर्क, बच्ची के असली माता-पिता तक नहीं पुलिस

# दंपती ने 2 साल पहले 1 लाख में खरीदी की मासूम सौदागर पार्लर संचालिका सहित 6 गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़ श्योपुर



नेशनल हाईवे-552 पर सोईकलां के पास मिली 2 साल की मासूम बालिका का मामला अब मप्र के बड़े मानव तस्करी नेटवर्क में बदल चुका है। श्योपुर पुलिस अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें इंदौर के महालक्ष्मी नगर में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली नीता जैन, उसका पति वैभव जैन, राजगढ़ निवासी आकाश मूंदड़ा और उसकी पत्नी कृतिका मूंदड़ा सहित धार और खरगौन की दो अन्य महिलाएं शामिल हैं। बावजूद इसके अब ब भी सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है कि मासूम के असली माता-पिता कौन हैं? लेकिन पुलिस अभी तक इस कड़ी तक नहीं पहुंच सकी है। हालांकि श्योपुर एसपी सुधीर अग्रवाल ने दावा किया है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया है कि इस मासूम का सौदा 21 नवंबर 2024 को ने किया गया था, जब वह महज 6 दिन की न नवजात थी। पुलिस ने बताया कि धार जिले में क्लीनिक चलाने वाली महिला से यह बच्ची खरीदी गई। उसने इसे खरगौन की एक अन्य महिला से लेना बताया। इसके बाद इंदौर में नीता जैन और उसके पति वैभव जैन के जरिए, राजगढ़ के व्यवसायी आकाश मूंदड़ा को 1 लाख रुपए में बेच दिया गया। यानी एक मासूम कई हाथों से होते हुए खरीद-फरोख्त की कड़ी न में घूमती रही।

मानव तस्करी का एंगल सामने आते ही एसपी ने एक साथ 3 स्पेशल टीमें बनाईं। करीब 20 पुलिसकर्मी ऑपरेशन में शामिल रहे। पहले टीमें इंदौर पहुंचीं, जहां से मिले सुराग के आधार पर टीमों ने धार और खरगौन जिलों की सीमा से भी दो महिलाओं को पकड़ा और श्योपुर लेकर आई। बताया जा रहा है कि यह इंदौर से सटा इलाका था और यह सभी इंदौर के महालक्ष्मी नगर के आसपास ही रहा करती थीं, जिसके जरिए ब्यूटी पार्लर और वहां से इनका जुड़ाव अलग-अलग लोगों से हो गया।

मामले की शुरुआत 18 अप्रैल को हाईवे किनारे मासूम के मिलने से हुई। पुलिस ने आसपास के ब्ब्ट खंगाले, जहां एक कार ड्च07ˊ। 0067 संदिग्ध लगी, बाकी वाहनों की तुलना में इसकी स्पीड धीमी थी, जिससे यह संदेह हो गया था कि यही कार रुककर फिर से आगे बढ़ी है। यहीं से पुलिस को शक हुआ और कार मालिक का पता लगाया गया, जो राजगढ़ का करोड़पति कारोबारी आकाश मूंदड़ा निकला। उसकी गिरफ्तारी के बाद पूरे रैकेट की परतें खुलती चली गईं।

### 35 घंटे में 3 जिलों में दबिश, 6 आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़।** राजगढ़ के करोड़पति मूंदड़ा दंपती के अलावा गिरफ्तार किए गए आरोपी का श्योपुर पुलिस ने जुलूस निकाला।

इंदौर के महालक्ष्मी नगर से जुड़ी सबसे मजबूत कड़ी, पार्लर के जरिए ही एक-दूसरे से मिलीं पुलिस जांच में सबसे ज्यादा तार इंदौर के महालक्ष्मी नगर से जुड़े मिले हैं, जहां से यह पूरा नेटवर्क संचालित होने के संकेत मिले हैं। यहीं से ब्यूटी पार्लर की आड़ में बच्ची का सौदा हुआ था। क्योंकि खरीदार से लेकर बेचने वालीं, सब पार्लर के जरिए ही एक-दूसरे से मिलीं और जुड़ीं। जिसके बाद 6 दिन की मासूम का सौदा हुआ।

---

# बगैर सर्च वारंट घर में घुसे टीआई, बोले- जीवन खराब कर दूंगा



डीआर संवाददाता ⏭ ब्यावरा

पड़ौनिया गांव में ठगी के आरोपी को तलाशने पहुंचे सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ और परिजनों के बीच जमकर बहस हो गई। इसी तकरार के बीच थाना प्रभारी धाकड़ बुजुर्ग को धमकाते हुए बोले-पैसा लाकर तुम्हे दिया है, एफआईआर में तुम्हारा नाम डालूंगा, बुढ़ापे में जीवन खराब कर दूंगा। अब उनका यही धमकी भरा वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल भाटपुरा सौंधिया निवासी अंकित सिसौदिया को ब्रेजा गाड़ी खरीदना थी। सिविल खराब होने के कारण फायनेंस में दिक्कत आ रही थी। पड़ौनिया निवासी दीपक दांगी ने उससे 3.42 लाख रुपए लिए और गाड़ी फायनेंस कराने का आश्वासन दिया। हालांकि बाद में पैसे मिले न गाड़ी मिली। फरियादी ने सिटी थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद थाना प्रभारी वरिंद्र धाकड़ आरोपी की तलाश में उसके पड़ौनिया स्थित निवास पर पहुंचे और मकान की तलाशी ली। जिस पर घर में मौजूद बुजुर्ग और महिला भड़क गई। इस बहस का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें महिला जया सोलंकी आरोप लगा रही हैं कि फरियादी ने पुलिस को पैसे खिलाएं है, इसलिए पुलिस हमारे घर में घुसकर तलाशी ले रही है। टीम में कोई भी महिला कांस्टेबल नहीं है, सर्च वारंट बिना घर की तलाशी ली जा रही है। जया ने बताया कि पुलिस ने घर की तलाशी के चार घंटे बाद पति पर केस दर्ज किया।

महिला का आरोप-बिना सर्च वारंट और महिला कांस्टेबल के घर में चेकिंग करने घुसे थाना प्रभारीथाना प्रभारी धाकड़ महिला एवं बुजुर्ग से वीडियो में कहते दिख रहे हैं कि आरोपी यहां रहता है तो उसे तलाशने यहीं पर आएंगे। हमें सूचना मिली थी कि वह घर पर आया है, इसलिए आए हैं। हमारे पास शिकायत आई है, इसलिए चेकिंग कर रहे हैं।

---

## आमजन ने मन की बात श्रवण कर मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्मन की बातश के 113वें एपिसोड का रविवार को प्रसारण हुआ। भाजपाइयों सहित प्रधानमंत्री के समर्थकों द्वारा कहीं सामूहिक तो घरों में बैठकर इस एपिसोड का श्रवण किया गया। जिले के विभिन्न बूथों पर भी इस एपिसोड का प्रसारण आमजनों को श्रवण करवाया गया।

इसी कड़ी में नगर के वार्ड-8 किशनगढ़ में पुष्पद समाज अध्यक्ष महेश पुष्पद के निवास पर भाजपाइयों ने सामूहिक रूप से ध्यानपूर्वक पीएम के मन की बात सुनी। एपिसोड प्रसारण उपरांत भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य एवं नपाध्यक्ष विनोद साहू का हार-मालाओं से साफा, श्रीफल से स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष महेश प्रजापति, बूथ प्रभारी मोहम्मद शफीक खान, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश शर्मा, इरफान मेवाती सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान बूथ प्रभारी शफीक खान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से विधेयक प्रस्तुत किया गया

---

## जांच के लिए आधा दर्जन दुकानों से सैंपल लेकर लेब भेजे गए

डीआर संवाददाता ⏭ ब्यावरा



मिलावट पर नकल कसने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में दूध और दूध से निर्मित पदार्थों सहित बर्फ की फैक्ट्री दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कुड़ी में कल रविवार को कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, बर्फ की जांच की म्की। जांच के दौरान नरसिंहगढ़ स्थित अग्रवाल स्वीट्स सुभाष चौक नरसिंहगढ़, मन्नू एवर फ्रेश छारबाग नरसिंहगढ़, पूनम कोल्ड ड्रिंक नरसिंहगढ़, सोनी सोनी एवर फ्रेश सुभाष चौक नरसिंहगढ़, माहेश्वरी दूध डेयरी नरसिंहगढ़ एवं ताई फैक्ट्री में टीम जांच के लिए पहुंची।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक ने बताया की जांच के दौरान पूनम कोल्ड ड्रिंक से आइसक्रीम और लस्सी के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं इदरिश की बर्फ फैक्ट्री से बर्फ का नमूना जांच हेतु लिया गया। जांच के दौरान पर फैक्ट्री पर खाद्य पदार्थ बर्फ विक्रय, भंडारण का खाद लाइसेंस नहीं पाया गया ऐसे में फैक्ट्री को आगामी आदेश तक बर्फ का निर्माण हेतु बंद कर दिया गया।

लाइसेंस प्राप्त उपरांत ही बर्फ का निर्माण एवं विक्रय कार्य किया जाएगा। लिए गए सभी नमूने फूड लैबोरेट्री भोपाल भेजे जाएंगे एवं रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बर्फ फैक्ट्री में इस तथ्य का भी प्रमाण नहीं था कि जिस पानी से बर्फ बनाई जा रही थी वह पीने योग्य था या नहीं। कोई जांच रिपोर्ट मौके पर नहीं पाई गई। इस कारण लोकहित में इदरीश बर्फ फैक्ट्री से बर्फ का निर्माण करना बंद कराया गया है।

---

## दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

डीआर संवाददाता ⏭ बीनागंज

बीनागंज क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई, जिससे इलाके में शोक का माहौल है। दोनों घटनाएं अलग-अलग स्थानों पर हुईं, जिनमें युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पहली घटना शुक्रवार को पैंची के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से संजीव जाटव (30 वर्ष), निवासी एसबारा, थाना इंदार, जिला शिवपुरी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि संजीव किसी काम से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी घटना शनिवार को सामने आई, जिसमें मनोज जाटव (21 वर्ष), निवासी बनौटा, थाना ईसागढ़, जिला अशोकनगर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गाड़ी से उनकी आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे मौके पर ही उनकी जान चली गई। दोनों मृतकों के शवों को चांचौड़ा अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

---

## रात में भी चली लू की लपटें,

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ

रात में भी चली लू की लपटें, छुट्टी का इंतजार अभिभावकों ने कलेक्टर से रखी अपनी मांग

क्षेत्र में गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि दिन के साथ-साथ रात में भी लू की लपटें चल रही हैं। भीषण गर्मी के चलते सुबह 11 बजे से ही बाजारों में सन्नाटा पसरा देखा जा रहा है और लोग आवश्यक कार्यों से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिला शिक्षा विभाग ने कुछ दिनों पूर्व स्कूलों का समय भले ही बदल दिया है लेकिन अभिभावकों द्वारा पूर्णतः अवकाश की मांग की जा रही है। प्रदेश के कुछ जिलों में अवकाश का आदेश भी जारी हो चुका है लेकिन राजगढ़ जिले में अभी भी आदेश का इंतजार है। आपको बता दें कि शिक्षा विभाग द्वारा गत दिवस आदेश जारी करते हुए शासकीय सहित निजी स्कूलों के संचालन का समय प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक तय किया गया था। लगातार बढ़ रहे तापमान के दृष्टिगत अभिभावकों ने प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों से मांग की है कि पूरी तरह अवकाश घोषित कर दिया

---

## राज्य सेवा परीक्षा में अभ्यर्थियों के जूते-मोजे उतरवाए, पानी की बोतलों के स्टिकर हटवाए

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़



रविवार को राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा कड़ी सुरक्षा व सख्त अनुशासन के बीच आयोजित हुई। दो सत्रों में हुई इस परीक्षा के लिए जिले में 5 केंद्र बनाए गए, जहां 1734 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। पहले सत्र में सुबह निर्धारित समय पर प्रवेश शुरू हुआ और सख्त जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को अंदर जाने दिया गया। पहले सत्र में 361 और दूसरे सत्र में 371 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के जूते-मोजे उत्तरवाए गए और पानी की बोतलों पर लगे स्टिकर भी हटवाए गए। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहे, जिन्हें जांच के बाद बाहर ही जमा कराया गया। केंद्रों पर लगातार घोषणाएं कर अभ्यर्थियों को समय

**जिले में बनाए थे ये पांच परीक्षा केंद्र**

1-शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़, 2-पीएम श्री महाविद्यालय राजगढ़, 3-शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़, 4-शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ 5-शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा।दो सत्रों में हुई परीक्षा, देरी से आने वाले लौटेरू प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें प्रवेश का समय 9रू15 से 9.45 बजे तक तय था। वहीं द्वितीय सत्र दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक हुआ, जिसमें 1.30 से 2 बजे तक ही प्रवेश दिया गया। प्रशासन ने समय को लेकर सख्ती बरतते हुए सुबह 10.55 बजे सभी केंद्रों के गेट बंद कर दिए। इसके बाद कुछ अभ्यर्थी दौड़ते हुए केंद्रों तक पहुंचे।

---

**लोक अदालत** | राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवप्राधिकरण के निर्देश

## जेल में पहली बार लोक अदालत, बंदियों की समस्याओं को सुलझाने के प्रयास किए

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़



जिले की जेलों में पहली बार विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन कर बंदियों के लंबित मामलों के त्वरित निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर रविवार को जिला जेल राजगढ़ सहित उपजेल नरसिंहगढ़ व सारंगपुर में ये आयोजन हुआ।

इस पहल का उद्देश्य बंदियों को न्याय प्रक्रिया से सीधे जोड़ना, उनके मामलों का आपसी सहमति से समाधान कराना और समय व धन की बचत सुनिश्चित करना है।

इस विशेष जेल लोक अदालत का शुभारंभ केंद्रीय जेल ग्वालियर से ऑनलाइन माध्यम से किया गया, जिसका प्रसारण प्रदेश की सभी जेलों में एक साथ किया गया। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा सहित अन्य न्यायाधिपति व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हुए।

उन्होंने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वे अपने मामलों का सरल व त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

प्रक्रिया समझाई जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजीव म. आप्टे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यह पहल पहली बार केवल जेलों में निरुद्ध बंदियों के मामलों के समाधान के लिए शुरू की गई है, जिसमें आपसी सहमति यानी राजीनामा के आधार पर विवादों का निपटारा किया जा रहा है। इससे न केवल न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि बंदियों को भी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलिमा देवदत्त व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवदत्त सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। जेल में निरुद्ध बंदियों ने भी इस प्रक्रिया में भाग लिया और अपने मामलों के समाधान की दिशा में पहल की।

---

## चोरों ने मुक्तिधाम को अपना निशाना बनाया

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़

मुख्यालय पर कुछ दिनों तक थमी चोरी की घटनाओं के बाद चोरों ने एक बार फिर से वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। इस बार अज्ञात चोर ने पुरा क्षेत्र स्थित नेवज मुक्तिधाम को अपना निशाना बनाया और वहां के स्टॉक कक्ष से पानी का मोटर पंप, पाइप सहित अन्य सामान चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार पुरा क्षेत्र में सर्किट हाउस के नजदीक स्थित नेवज मुक्तिधाम में लकड़ी, कंडे व अन्य सामान रखने के लिए कमरा बना हुआ है। शनिवार-रविवार की रात्रि चोर ने इस कक्ष का ताला तोड़ा और अंदर रखा एक एचपी का मोटर पंप, लोहे के एंगल के टुकड़े, केबल आदि चुरा ली। रविवार सुबह जब स्थानीय व्यक्ति मुक्तिधाम परिसर पहुंचा तो कमरे का ताला टूटा देख समिति पदाधिकारियों को सूचना दी गई। समिति संरक्षक केसी केसरवाल, अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित अन्य पदाधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को इत्तला दी। बाद में

फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट भी घटनास्थल पहुंचे और आवश्यक जांच-पड़ताल की। पुलिस के अनुघ्सार जल्द चोर का पता लगा लिया जाएगा।

**परिसर के समीप ही पड़ा मिला ताला**

चोरी की इस घटना को स्टॉक का ताला तोड़कर अंजाम दिया. था। चोर ने ताला तोड़कर उसे समीप ही फेंक दिया। बाद में यह ताला पुलिस को मिला जिसके फिंगर प्रिंट